जिनको मैया बुलाती है

दौलत काम ना आए,
कोई ताकत काम ना आए,
जिनको मैयाबुलाती है,
वो ही माँ के मंदिर जाए……

माँ की मर्जी ना हो तो,
कोई कितना जोर लगाले,
दर से वापस लौटते देखे,
हमने जाने वाले,
दौलत काम ना आये,
कोई ताकत काम ना आए,
जिनको हुक्म सुनाती है,
वो ही माँ के मंदिर जाए……

भूल गई होगी मैया,
ये दिल में खयाल ना लाना,
हो सकता है मैया को,
खुद हो तेरे घर में आना,
दौलत काम ना आये,
कोई ताकत काम ना आए,
जिसकी बारी आती है,
वो ही माँ के मंदिर जाए……

चाहे जाने वाले हो,
चाहे ना जाने वाले,
माँ के तो सारे बेटे है,
'सोनू' किस्मत वाले,
दौलत काम ना आये,
कोई ताकत काम ना आए,
माँ सब पर प्यार लुटाती है,
कोई जाए या ना जाए……

दौलत काम ना आए,
कोई ताकत काम ना आए,
जिनको मैया बुलाती है,
वो ही माँ के मंदिर जाए……

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/29622/title/jinko-mayia-bulati-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |